24.09.2096 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 2.10PM

प्रादेशिक समाचार

## सेवा संकल्प अभियान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 'सेवा संकल्प अभियान-2026' के तहत गुजरात के वडनगर से वाराणसी तक निकाली जा रही सेवा यात्रा को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव देवास जिले के पुंजापुरा से वर्चुअली कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने सेवा संकल्प बाइक यात्रा में शामिल देवास के दीपेश गोटी से संवाद किया।

वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत प्रदेश के 35 लाख 42 हजार से अधिक हितग्राहियों के खातों में 212 करोड़ 57 लाख रुपये की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए और मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के तहत मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी प्रदान की।

## मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 25 सितंबर को प्रदेश में 'मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा' का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर वे 351 बसों को हरी झंडी दिखाएंगे। सेवा के पहले चरण में प्रदेशभर में एक हजार 500 बसों का संचालन किया जाएगा।

## लता मंगेशकर सम्मान

राज्य सरकार द्वारा साल 2026 का राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान प्रसिद्ध संगीत निर्देशक शान्तनु मोइत्रा को प्रदान किया जाएगा। इंदौर में 27 और 28 सितंबर को लता मंगेशकर सभागार में दो दिवसीय अलंकरण समारोह और संगीत संध्या आयोजित होगी। 27 सितंबर को 'अमर लता, हमारी लता' संगीत संध्या में स्थानीय कलाकार प्रस्तुतियां देंगे, जबकि 28 सितंबर को शान्तनु मोइत्रा को पांच लाख रुपये और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इसके बाद गायक जोड़ी सचेत-परम्परा की संगीत संध्या होगी। दोनों कार्यक्रमों में प्रवेश नि:शुल्क रहेगा।

## कबड्डी - एशियाई खेल

एशियाई खेलों में भारतीय पुरुष टीम ने ग्रुप ए के अपने आखिरी मैच में चीन को 37-21 से हराकर कबड्डी स्पर्धा के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। ग्रुप चरण में ये भारत की लगातार चौथी जीत है। इससे पहले, भारत ने दक्षिण कोरिया, जापान और बांग्लादेश को हराया था।

कबड्डी, 1990 से एशियाई खेलों का हिस्सा है और भारतीय पुरुष टीम ने इसमें आठ स्वर्ण सहित कुल नौ पदक जीते हैं। दूसरी ओर, भारतीय महिला टीम ने भी जीत का सिलसिला जारी रखते हुए ईरान को 37-23 से हराया। महिला टीम का अगला मुकाबला जापान से होगा।

<u>मौसम</u>

प्रदेश में मानसून की विदाई से पहले एक बार फिर बारिश का दौर तेज होने की संभावना है। बंगाल की खाड़ी में बने अवदाब के असर से आज छतरपुर, पन्ना, सतना, उमरिया, शहडोल, डिंडौरी, मंडला, बालाघाट, सिवनी और छिंदवाड़ा में भारी बारिश का अनुमान है। मौसम विभाग ने 25 और 26 सितंबर को पूर्वी मध्यप्रदेश में बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी है।

<u>समाचार संक्षेप में:-</u>

- सेवा संकल्प अभियान के तहत झाबुआ जिले में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इसके अलावा 'सेवा मेरा योगदान' गतिविधि में जिला चिकित्सालय के मेटरनिटी विंग में सेवा गतिविधि आयोजित की गई।
- शिवपुरी जिले के विकासखंड पोहरी अंतर्गत बैराड़ में कल कृषि विभाग की टीम ने उर्वरक वितरण प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। नियमों का उल्लंघन करने पर तीन प्रमुख दुकानों को सील कर दिया गया।
- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन अंतर्गत आगरमालवा जिले के ग्राम कांकरिया में कल जैविक खेती, प्राकृतिक खेती में उर्वरकों और रसायनों के संतुलित उपयोग की जानकारी दी।

-----------------------------